लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

प्रधान मंत्री, लोक सभा अध्यक्ष और संसद सदस्यों ने पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की/ **PRIME MINISTER, LOK SABHA SPEAKER AND MEMBERS OF PARLIAMENT PAY FLORAL TRIBUTES TO PANDIT MADAN MOHAN MALAVIYA AND SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE**

प्रधान मंत्री ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाशित पुस्तक "संसद में अटल बिहारी वाजपेयी: एक स्मृति खंड" का विमोचन किया/ **PRIME MINISTER RELEASES THE BOOK "ATAL BIHARI VAJPAYEE IN PARLIAMENT- A COMMEMORATIVE VOLUME'**

संसद सदस्यों ने पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, **25** दिसंबर **2020**: प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला, राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री ग़ुलाम नबी आज़ाद और लोक लेखा समिति के अध्यक्ष श्री अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज

पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधान मंत्री , श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए । लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव , श्री देश दीपक वर्मा ने भी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाशित पुस्तक "संसद में अटल बिहारी वाजपेयी: एक स्मृति खंड" का विमोचन किया। लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में विभिन्न महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के बारे में श्री वाजपेयी के विचारों और मतों का संकलन किया गया है तथा संसद में श्री वाजपेयी द्वारा दिए गए भाषणों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की उनकी संकल्पना और एक उत्कृष्ट सांसद के रूप में लोकतान्त्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में उनके द्वारा किए गए अमूल्य योगदान को दर्शाया गया है । इस प्रकाशन में अटल जी के सार्वजनिक जीवन से जुड़े कुछ दुर्लभ चित्र भी हैं । इस पुस्तक में भारत के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के संदेश शामिल किए गए हैं । पुस्तक का प्राक्कथन भारत के उप राष्ट्रपति ने और आमुख लोक सभा अध्यक्ष ने लिखा है और इसकी प्रस्तावना पूर्व लोक सभा अध्यक्ष , श्रीमती सुमित्रा महाजन से प्राप्त हुई।

इस कार्यक्रम में गण्यमान्य व्यक्तियों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित, पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनवृत्त वाली पुस्तिकाएं भेंट की गईं।

राष्ट्र के प्रति पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी की उत्कृष्ट सेवाओं की मान्यतास्वरूप संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्रों का क्रमशः 19 दिसंबर 1957 और 12 फरवरी, 2019 को अनावरण किया गया था। भारत के राष्ट्रपति ने पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) और श्री अटल बिहारी वाजपेयी को 24 दिसंबर 2020 को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया था।

इससे पहले, लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली स्थित अटल समाधि स्थल पर श्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

MEMBERS OF PARLIAMENT PAY FLORAL TRIBUTES TO PANDIT MADAN MOHAN MALAVIYA AND SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE

New Delhi, 25 December 2020: Prime Minister Shri Narendra Modi; Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, Leader of Opposition in Rajya Sabha, Shri Ghulam Nabi Azad and Chairperson of Public Accounts Committee Shri Adhir Ranjan Chowdhury led parliamentarians in paying floral tributes at the portraits of Pandit Madan Mohan Malaviya and former Prime Minister Shri Atal Bihari Vajpayee in the Central Hall of Parliament House on their Birth Anniversaries, today.

Among others who paid tributes were several former Members of Parliament and other dignitaries. Secretaries-General of Lok Sabha and Rajya Sabha, Shri Utpal Kumar Singh and Shri Desh Deepak Verma, respectively, also paid tributes.

On this occasion, Prime Minister released a book titled 'Atal Bihari Vajpayee in Parliament- A commemorative volume' on Shri Atal Bihari Vajpayee, brought out by the Lok Sabha Secretariat. The book highlights Shri Vajpayee's ideas and views on a wide range of important national and international issues. It brings together his vision and profound contributions made by him, as an outstanding parliamentarian, in strengthening democratic institutions and nation building through his select speeches in Parliament. It also contains some rare photographs from Atal ji's public life. The Book also contains messages from the President of India and the Prime Minister of India. It also has a Foreword by the Vice-President of India, Preface by the Lok Sabha Speaker, and an Introduction by Former Lok Sabha Speaker, Smt. Sumitra Mahajan.

Booklets containing the profiles of Pandit Madan Mohan Malaviya and Shri Atal Bihari Vajpayee, brought out in Hindi and English by the Lok Sabha Secretariat, were presented to the dignitaries.

The Portraits of Pandit Madan Mohan Malaviya and Shri Atal Bihari Vajpayee were unveiled in the Central Hall of Parliament House on 19 December 1957 and 12 February, 2019 respectively, in recognition of their outstanding services to the nation. The President of India awarded the nation's highest civilian honour, the Bharat Ratna, on Pandit Madan Mohan Malaviya posthumously and Shri Atal Bihari Vajpayee on 24 December 2014.

Earlier, Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla paid floral tributes to Shri Atal Bihari Vajpayee at Atal Samadhi Sthal in New Delhi today.